# कार्यालय मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं अधिष्ठाता
# स्वशासी श्यामशाह चिकित्सा महाविद्यालय रीवा (म.प्र.)

क्रमांक 1043 /स्था. /एम.सी./विज्ञप्त /2021 रीवा, दिनांक 20/01/2021

## विज्ञप्ति

मिशन संचालक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के पत्र क्र. एन.एच.एम./आर.बी.एस.के./2019/5525 दिनांक 30.05.2019, पत्र क्र. एन.एच.एम./एच.आर./2019/9867 दिनांक 28.07.2020 में एवं संचालन समिति एनएचएम चिकित्सा महाविद्यालय रीवा के अनुमोदनानुसार स्वशासी श्याम शाह चिकित्सा महाविद्यालय रीवा मे एनएचएम द्वारा संचालित शिशु रोग शल्य चिकित्सा इकाई (पी.एस.यू), आर.ई.आई.सी, एस.एन.सी.यू. एवं एस.एम.टी.यू. हेतु निम्नलिखित संविदा पदों पर नियुक्ति हेतु निर्धारित शर्तो के अधीन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप में चिकित्सा महाविद्यालय रीवा में डाक द्वारा या स्वयं उपस्थित होकर जमा किये जा सकेंगे ।

आवेदन की अंतिम तिथिः– **12.02.2021**

### 1. रिक्त पदों की जानकारीः–

| स.क्र. | पद का नाम | स्वीकृत रिक्त पदों की संख्या | रिक्त पद | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | **UR** | **ST** | **SC** | **OBC** | **EWS** |
| 1. | Staff Nurse | **32** | **11** | **09** | **05** | **04** | **03** |
| 2. | O.T. Technician (P.S.U) | **04** | **02** | **01** | **01** | – | – |
| 3. | Psychologist | **01** | **01** | – | – | – | – |
| 4. | Physiotherapist | **01** | **01** | – | – | – | – |
| 5. | Early Interventionist cum special educator | **01** | **01** | – | – | – | – |
| 6. | Social Worker | **01** | **01** | – | – | – | – |
| 7. | Audilogist | **01** | **01** | – | – | – | – |

### 2. अनिवार्य योग्यता एवं वेतनमानः–

| स.क. | पद का नाम | वेतन (प्रतिमाह) | न्यूनतम अर्हताऐं |
|---|---|---|---|
| *1* | *2* | *3* | *4* |
| 1 | Staff Nurse (P.S.U)- 06<br>(S.N.C.U)-25<br>(S.M.T.U)-01 | 20000/- fix pay | B.Sc Nursing/GNM |
| 2 | O.T. Technician (P.S.U) | 15000/- fix pay | 10+2 in any stream with min.50% marks. Diploma in OT Technician. |
| 3 | Psychologist | 20000/– fix pay | 1)Graduate in Clinical Psychology /M.A. Clinical psychology |
| 4 | Physiotherapist | 25000/– fix pay | BPT/Bachlor in Occupational Therepy |
| 5 | Special educator | 15000/– fix pay | Special B.Ed with diploma in Mental retardation |
| 6 | Social Worker | 12000/– fix pay | MSW/M.A. Sociology/M.A. Social Science |
| 7 | Audiologist | 20000/– fix pay | Bachlors in Audio Speech Language Pathalogy B.Sc (Speech and Hearing) Special B.ed (Audilogy&Speech) (DLHS) Diploma (Audiology&Speech) (Any of the above) |

29/1/2021

क्रमशः 02

**उक्त पदों हेतु आवेदन मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं अधिष्ठाता चिकित्सा महाविद्यालय, रीवा के माध्यम से दिनांक 12.02.2021 तक ही मान्य होगें।**

- विज्ञापन से संबंधित सम्पूर्ण जानकारी श्याम शाह चिकित्सा महाविद्यालय, रीवा की वेबसाइट **www.ssmcrewa.com** पर उपलब्ध है। स्क्रूटनी एवं चयन प्रकिया से संबंधित जानकारी हेतु समय –समय पर संस्था की वेबसाइट का अवलोकन करें।
- पदों की संख्या में वृद्धि या कमी हो सकती है ।
- पदों पर आरक्षण राज्य शासन द्वारा समय–समय पर जारी आदेशों के अनुसार रहेगा, आरक्षण का लाभ सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने पर ही दिया जायेगा।
- एम.पी.ऑनलाइन के माध्यम से पूर्व में भर्ती सूचना क्र. 16482/स्था/एमसी/विज्ञप्त/2019 दिनांक 27.08.2019 में आवेदित अभ्यर्थियों को बिना आवेदन शुल्क के साथ पूर्व में आनलाईन जमा की गयी फीस रसीद संलग्न कर नवीन आवेदन प्रस्तुत करना होगा।

**कमिश्नर रीवा संभाग एवं अध्यक्ष कार्यकारिणी समिति, चि.महा. रीवा द्वारा अनुमोदित**

**मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं अधिष्ठाता**
**स्वशासी श्याम शाह चिकित्सा महाविद्यालय रीवा (म.प्र.)**

निरर्हतायें–

1 विकृत चित्त वाला होने पर।

2 दुश्चरित्र होने पर।

3 शारीरिक दुर्बलता के कारण व्यक्ति अपने कर्तव्य बोध एवं दायित्व को पूरा नहीं कर सकता हो।

4 नियुक्ति के लिये प्रयास/अनुशंसा – किसी भी उम्मीदवार की ओर से अपनी उम्मीदवारी की सहायता प्राप्त करने हेतु किसी भी जरिये से किया गया कोई भी प्रयास/अनुशंसा उसके लिये अनर्हकारी माना जायेगा।

5 विवाह संबंधी – जिस उम्मीदवार ने न्यूनतम निर्धारित आयु (पुरूष वर्ग के लिये 21 वर्ष एवं महिला वर्ग के लिये 18 वर्ष) से पूर्व विवाह कर लिया होगा उसे इन पदों पर चयन हेतु अयोग्य माना जायेगा। कोई भी ऐसे महिला/पुरूष उम्मीदवार जिसने किसी ऐसे पुरूष/महिला से विवाह किया हो, जिसकी पहले से जीवित पत्नी/पति हो, ऐसे महिला/पुरूष नियुक्ति के लिये पात्र नहीं होंगे।

6 दिनांक 26.01.2001 के पश्चात् जिस उम्मीदवार के जीवित बच्चों की संख्या 02 से अधिक हो गयी हो वह चयन के लिये पात्र नहीं होगा परन्तु कोई उम्मीदवार जिसकी पहले से ही एक जीवित संतान है तथा 26 जनवरी 2001 के पश्चात् आगामी प्रसव में 02 या 02 से अधिक संतान का जन्म होता है तो वह नियुक्ति के लिये अनर्ह नहीं होगा।

7 कूट रचित/फर्जी दस्तावेज एवं चयन के स्तर पर जानकारी छिपाये जाने/अभिलेख फेरबदल कर प्रस्तुत करने पर।

**क्रमशः 03**

27/1/2021

8 कदाचरण संबंधी – किसी भी ऐसे उम्मीदवार को नियुक्त नहीं किया जावेगा, यदि उसने शासन या स्थानीय प्राधिकारी की सेवा के कदाचरण के लिये परिणामस्वरूप पदच्युत कर दिया गया हो यदि उसे नैतिक पतन के अपराध पर दोष सिद्ध ठहराया गया हो।

9 ऐसा उम्मीदवार जिसके विरूद्ध नैतिक पतन का आपराधिक प्रकरण न्यायालय मे विचाराधीन है अथवा वह नैतिक पतन के आपराधिक मामले में दोष सिद्ध हुआ हो।

अन्य शर्तें :–

**2.** आवेदक की आयु दिनांक 01.01.2021 को पद के अनुरूप 18 वर्ष से कम नहीं होना चाहिये। निम्न संवर्गों के अंतर्गत आने वाले अभ्यर्थी की अधिकतम आयु सीमा निम्नानुसार होगी :–

- सामान्य वर्ग के लिए – **40 वर्ष**
- अनुसूचित जाति, अनूसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग, शासकीय/निगम /मण्डल/स्वशासी संस्था के कर्मचारियों/नगर सैनिक/निःशक्तजन/महिलाओं (अनारक्षित/आरक्षित) आदि के लिये – **45 वर्ष**

सामान्य निर्देश :–

**1.** ये पद पूर्णतः संविदा आधार के है एवं इसके आधार पर नियमितीकरण का कोई दावा नहीं किया जा सकता है एवं ये पद अस्थानांतरणीय है ।

**2.** पद के लिए निर्धारित योग्यता आवेदन करते समय पूर्ण होनी चाहिए। साथ ही फिजियोथेरेपिस्ट/सायकोलॉजिस्ट/ऑडियोलॉजिस्ट/स्पेशल एजुकेटर/के लिये रिहेविलिटेशन काउन्सिल ऑफ इंडिया का एवं आपरेशन थियेटर ओ.टी. टेक्नीशियन के पद के लिए आवेदन करते समय आवेदक के पास मध्यप्रदेश पैरामैडिकल काउनसिल एवं स्टाफ नर्स हेतु रजिस्टार महाकौशल नर्सिंग कौसिंल भोपाल का वैध पंजीयन प्रमाण पत्र होना आवश्यक है। पंजीयन के लिए किए गए आवेदन की पावती मान्य नहीं है, साथ ही योग्यताओं से संबंधित दस्तावेंजो की स्वयंप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करें।

**3.** हस्ताक्षरित आवेदन पत्र के साथ शैक्षणिक(बी.एस.सी./जी.एन.एम. समस्त वर्षो की अंकसूची की छायाप्रति)/तकनीकी/अतिरिक्त शैक्षणिक योग्यता एवं अनुभव संबंधी प्रमाण पत्र सत्यापित कर संलग्न किया जाये ।

**4.** इन पदों पर नियुक्ति 31 मार्च 2021 तक के लिये होगी, जिसकी निरंतरता एन.एच.एम की स्वीकृति के पश्चात् ही संभव हो सकेगी।

**5.** इस विज्ञापन को आंशिक या पूर्ण रूप से निरस्त करने का अधिकार मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं अधिष्ठाता स्वशासी श्याम शाह चिकित्सा महाविद्यालय रीवा को होगा ।

**6.** उक्त पदों पर पदस्थापना एन.आर.एच.एम के एच.आर मेनयुअल 2018 में उल्लेखित शर्तों के अधीन होगी।

**7.** आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप में चिकित्सा महाविद्यालय रीवा में डाक द्वारा या स्वयं उपस्थित होकर जमा किये जा सकेंगे।

**8.** **आवेदन शुल्कः**– सामान्य वर्ग के लिये रुपये 700/– तथा आरक्षित वर्ग (अ.ज.जा, अ.जा. अ.पि.वर्ग) के लिये रुपये 350/– निर्धारित शुल्क (डिमाण्ड ड्राफट) **मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं अधिष्ठाता चिकित्सा महाविद्यालय, के नाम से देय होगा ।**

29/1/2021

क्रमशः 04

9. जिला श्योपुर मुरैना दतिया ग्वालियर भिण्ड शिवपुरी गुना तथा अशोकनगर में सहारिया आदिम जनजाति, जिला मण्डला डिंडौरी शहडोल उमरिया बालाघाट तथा अनूपपुर में बैगा आदिम जनजाति
10. एवं जिला छिंदवाड़ा के तामिया विकासखण्ड में भारिया जनजाति के न्यूनतम अर्हताधारी आवेदकों को भरती से संबंधित प्रकिया का अनुसरण किये बिना नियुक्ति प्रदान की जावेगी।
11. स्टाफ नर्स पद हेतु शासकीय नर्सिंग स्कूल/महाविद्यालय से उत्तीर्ण बी.एस.सी/जी.एन.एम. नर्सिंग को प्राथमिकता दी जावेगी।
12. आवेदन पत्र के साथ निम्नलिखित प्रमाण पत्र (पद के लिये लागू) की स्व–प्रमाणित छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा। एवं सत्यापन के समय मूल प्रतियां प्रस्तुत करना होगा।
    1. आयु के संबंध में हाईस्कूल परीक्षा प्रमाण पत्र।
    2. हायर सेकेण्डरी परीक्षा प्रमाण पत्र।
    3. सक्षम अधिकारी द्वारा प्रदत्त जाति प्रमाण पत्र।
    4. मध्यप्रदेश का मूल निवास प्रमाण पत्र।
    5. वर्तमान वित्तीय वर्ष का आय प्रमाण पत्र ।
    6. पद हेतु निर्धारित अर्हता संबंधी आवश्यक प्रमाण पत्र।
    7. अनुभव एवं अतिरिक्त शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र।
    8. संबंधित काउन्सिल का जीवित पंजीयन प्रमाण पत्र।
    9. विधवा/परित्यक्ता/तलाकशुदा की स्थिति में नोटरी द्वारा अभिप्रमाणित तत्संबंधी शपथ पत्र।
    10. शासन द्वारा निर्धारित न्यूनतम आयु के पूर्व विवाह न होने एवं दिनांक 26.01.2001 के बाद 02 से अधिक जीवित संतान न होने का स्व–घोषित शपथ पत्र।
    11. यदि कोई आवेदक किसी शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्था में पूर्व से कार्यरत है तो आवेदन के समय ही नियोक्ता का अनापत्ति पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा, जोकि विज्ञापन दिनांक के बाद जारी किया गया हो।
    12. अभ्यार्थियों को रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन होना अनिवार्य होगा ।
    13. विवाह का शपथ पत्र।

29/1/2021

**मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं अधिष्ठाता**
**स्वशासी श्याम शाह चिकित्सा महाविद्यालय रीवा (म.प्र.)**

# श्यामशाह चिकित्सा महाविद्यालय रीवा (म.प्र.)

## आवेदन का स्वरूप

पासपोर्ट साइज नवीनतम फोटो

1. आवेदित पद का नाम ..................................................................

2. विज्ञापन क्रमांक ............................ दिनांक ........................................

3. आवेदक का पूरा नाम (उप नाम सहित)....................................

4. पिता/पति का नाम (उप नाम सहित)....................................

5. जन्म तिथि .......................................................................................
(सत्यापन हेतु प्रमाण पत्रों की सत्यापित प्रति संलग्न करें)

6. वर्तमान निवास का पता तथा पिन कोड :—....................................................................................................................

7. स्थाई निवास का पूर्ण पता तथा पिन कोड :— ..................

8. अनु.जाति/अनु.जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग/ई.डब्ल्यू.एस. (सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र संलग्न करें )

9. विवाहित होने की स्थिति में विवाह की तिथि ..........................................

10.नर्सिंग काउंसिल/संबंतिध काउंसिल का जीवित पंजीयन क्रमांक ................................

11. रोजगार कार्यालय में जीवित पंजीयन क्रमांक ..................................

12. उक्त पद हेतु पूर्व में एम.पी.आनलाईन के माध्यम से भरे गये आवेदन का क्रमांक...........................................

13. शैक्षणिक योग्यता :—

| क्र. | परीक्षा का नाम | संस्था/बोर्ड/विवि का नाम | वर्ष | विषय | श्रेणी | प्राप्तांक |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |

14. अन्य विशेष योग्यता :— ..................................................

15. सेवारत (नियमित/संविदा) होने की स्थिति में नियोक्ता का अनापत्ति प्रमाण—पत्र संलग्न करें।

16. निर्धारित आयु के पूर्व विवाह न होने तथा 26.01.2001 के पश्चात् तीसरी संतान न होने का स्वघोषित शपथ—पत्र संलग्न करें।

17. विधवा/परित्यकक्ता/तलाक शुदा की स्थिति में नोटरी द्वारा अभिप्रमणित तद्विषयक शपथ—पत्र संलग्न करें।

18. अनुभव प्रमाण—पत्र।

19. संलग्न प्रमाण पत्रों की सूची :—

आवेदक का हस्ताक्षर एवं पूरा नाम

## प्रमाण पत्र

प्रमाणित करता/करती हूं कि उपरोक्त जानकारी मेरे द्वारा दी गई है वह पूर्णतः सत्य है,जानकारी असत्य पाये जाने की दशा में मेरा आवेदन निरस्त किया जा सकेगा तथा मेरे विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जा सकेगी।

आवेदक का हस्ताक्षर एवं पूरा नाम

D:\DESKTOP\DESKTOP\NHM\VACANCY NHM.DOCX